# Report
# EBSB
# Statehood Day Celebration
# 20 February 2021

एक भारत श्रेष्ठ भारत के अंतर्गत वर्ष पर्यन्त चलने वाले कार्यक्रमों की शृंखला में आज नेताजी सुभाष चंद्र बोस राजकीय महिला महाविद्यालय अलीगंज में आज उत्तर प्रदेश और अरुणाचल प्रदेश की सांस्कृतिक सामाजिक धरोहरों से एक दूसरे को परिचित कराने के लिए विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में मिसेज़ यूनिवर्स2019 नीमा पंत मौजूद रहीं।अपने उद्बोधन में उन्होंने छात्राओं का हौसला बढ़ाते हुये कहा कि जो करना है उसे ठान लो तथा अपनी रोल मोडल खुद बनो।कार्यक्रम अध्यक्ष के रूप में जानी मानी समाज सेवी श्रीमती बिंदु बोरा ने भी इस प्रकार के आयोजनों को देश की विविधता समझने के लिये ज़रूरी बताया।विशिष्ट अतिथि के रूप में बालीवुड अभिनेता नरेन्द्र आनन्द ने छात्राओं को लुभाया तथा कहा कि छात्राओं में अनंत सम्भावनाएँ हैं उन्हें अपना लक्ष्य निर्धारित कर लेना चाहिये।विशेष अतिथि के रूप में रेज़िंग हॉप की संस्थापक तथा गायिका मोनिका श्रीवास्तव ने गायन से सबका मनोरंजन किया।

इस अवसर पर विभिन्न प्रदेश के परिधानों को पहने छात्राओं ने फ़ैशन प्रतियोगिता में हिस्सा लिया जिसमें पंजाब राजस्थान को प्रथम महाराष्ट्र को द्वितीय तथा केरल को तीसरा स्थान मिला जबकि अरुणाचल प्रदेश मणिपुर तथा कर्नाटक को सान्त्वना पुरस्कार मिला।इसके अलावा आर्ट और क्राफ़्ट प्रतियोगिता में अरुणाचल को पहला उत्तराखंड को दूसरा त्रिपुरा को तीसरा जबकि पश्चिम बंगाल गुजरात और गोवा को सांत्वना पुरस्कार प्राप्त हुआ।

प्राचार्य प्रोफेसर अनुराधा तिवारी ने कहा कि प्रधानमंत्री जी कि अभिनव परिकल्पना एक भारत श्रेष्ठ भारत हमारी विरासत को समझने का अनूठा प्रयोग है जिसमें महाविद्यालय अपनी सक्रिय भूमिका निभा रहा है।उन्होंने सभी अतिथियों का स्वागत किया।कार्यक्रमों का प्रभावी और सफल संचालन नोडल अधिकारी डाक्टर पूनम वर्मा ने किया।अपने सधे संचालन में उन्होंने सभी कार्यक्रमों को बखूबी पिरोया।वर्ष भर हुये कार्यक्रमों की आख्या डाक्टर विनीता लाल ने प्रस्तुत की तथा धन्यवाद ज्ञापन किया।डाक्टर मीनाक्षी शुक्ला ने सक्रिय भागीदारी की।

## यूपी और अरुणाचल की सांस्कृतिक सामाजिक धरोहरों से रूबरू हुईं छात्राए

5

- एक भारत श्रेष्ठ भारत के अंतर्गत हुआ आयोजन
- मुख्य अतिथि के रूप में मिसेज़ यूनिवर्स 2019 नीमा पंत मौजूद रहीं

**विश्ववार्ता संवाद**

**लखनऊ।** एक भारत श्रेष्ठ भारत के अंतर्गत वर्ष पर्यन्त चलने वाले कार्यक्रमों की शृंखला में नेताजी सुभाष चंद्र बोस राजकीय महिला स्वातकोत्तर महाविद्यालय अलीगंज में शनिवार को उत्तर प्रदेश और अरुणाचल प्रदेश की सांस्कृतिक सामाजिक धरोहरों से एक दूसरे को परिचित कराने के लिए राजत्व दिवस (स्टेट हुड डे) के अन्तर्गत विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में मिसेज़ यूनिवर्स 2019 नीमा पंत मौजूद रहीं।

इस मौके पर उन्होंने छात्राओं का हौसला बढ़ाते हुये कहा कि जो करना है, उसे ठान लो तथा अपनी रोल मोडल खुद बनो। कार्यक्रम अध्यक्ष के रूप में जानी मानी समाजसेवी बिंदु बोरा ने भी इस प्रकार के आयोजनों को देश की विविधता समझने के लिये ज़रूरी बताया। विशिष्ट अतिथि के रूप में



स्टेट हुड डे पर मुख्य अतिथि संग प्रतिभागी छात्राएं

बालीवुड अभिनेता नरेन्द्र आनन्द ने छात्राओं को लुभाया तथा कहा कि छात्राओं में अनंत सम्भावनाएं हैं। उन्हें अपना लक्ष्य निर्धारित कर लेना चाहिये। विशेष अतिथि के रूप में रेज़िंग हॉप की संस्थापक तथा गायिका मोनिका श्रीवास्तव ने गायन से सबका मनोरंजन किया। इस अवसर पर विभिन्न प्रदेश के परिधानों को पहने छात्राओं ने प्रान्तीय परिधान प्रतियोगिता में हिस्सा लिया जिसमें पंजाब राजस्थान को प्रथम महाराष्ट्र को द्वितीय तथा केरल को तीसरा स्थान मिला जबकि अरुणाचल प्रदेश मणिपुर तथा कर्नाटक को सान्त्वना पुरस्कार मिला। इसके अलावा आर्ट और क्राफ़्ट प्रतियोगिता में अरुणाचल को पहला उत्तराखंड को दूसरा त्रिपुरा को तीसरा जबकि पश्चिम बंगाल गुजरात और गोवा को सांत्वना पुरस्कार प्राप्त हुआ। प्राचार्य प्रोफेसर अनुराधा तिवारी ने कहा कि प्रधानमंत्री के अभिनव परिकल्पना एक भारत श्रेष्ठ भारत हमारी विरासत को समझने का अनूठा प्रयोग है जिसमें महाविद्यालय अपनी सक्रिय भूमिका निभा रहा है। कार्यक्रम का संचालन नोडल अधिकारी डाक्टर पूनम वर्मा ने किया। वर्ष भर हुये कार्यक्रमों की आख्या डाक्टर विनीता लाल ने प्रस्तुत की तथा धन्यवाद ज्ञापन किया। डाक्टर मीनाक्षी शुक्ला ने सक्रिय भागीदारी की।